आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 शनिवार 25.05.2024

मुख्य समाचारः—

1— बेमेतरा जिले में बारूद फैक्ट्री में विस्फोट होने से एक मजदूर की मौत—छह अन्य घायल—मलबे में कुछ लोगों के अभी भी दबे होने की आशंका।

2— बीजापुर जिले में तैंतीस माओवादियों ने किया आत्मसर्पण।

3— सड़कों पर आवारा घूमने वाले पशुओं से होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लगाने राज्य सरकार शुरू करेगी गौवंश अभ्यारण्य योजना।

4— कांग्रेस ने पीडिया मुठभेड़ की जांच हाईकोर्ट के न्यायाधीश की निगरानी में कराने की मांग की।

बेमेतरा—बारूद विस्फोट

बेमेतरा जिले के बोरसी गांव में आज सुबह एक फैक्ट्री में रखे बारूद में विस्फोट होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, छह अन्य लोग घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए रायपुर के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार बोरसी के पास पिरदा में स्थित स्पेशल ब्लॉस्ट फैक्ट्री में आज सुबह विस्फोट हो गया। इस फैक्ट्री में जहां विस्फोट हुआ वहां पर काफी मजदूर काम कर रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ही फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और राहत तथा बचाव कार्य शुरू किया। कई घंटों के बचाव कार्य के बाद भी मलबे में कम से कम पांच मजदूरों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि स्थानीय लोगों के अनुसार करीब पन्द्रह लोग अभी भी मलबे में दबे हुए हैं। फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से घटना के समय काम कर रहे लोगों का सही आंकड़ा नहीं दिया जा सका है। इसके कारण स्थानीय लोगों में काफी नाराजगी देखी जा रही है।

इस बीच, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घटना पर दुख जताते हुए दंडाधिकारी जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही दुर्घटना में मृतक परिवार के लिए पांच लाख रुपए और घायलों के लिए पचास—पचास हजार रुपए मुआवजे की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने मौके पर राहत और बचाव कार्य की उच्चस्तरीय निगरानी करने को कहा है।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव और साजा विधायक ईश्वर साहू घटनास्थल पहुंचे और अधिकारियों से चर्चा की। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने इस घटना पर दुख जताते हुए पीड़ित परिवारों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया है।

इस बीच, कांग्रेस ने बारूद फैक्ट्री हादसे के दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही इस घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को पचास लाख रूपए और घायलों को दस लाख रूपए का मुआवजा देने की मांग भी की है।

माओवादी—आत्मसमर्पण/मुठभेड़

बीजापुर जिले में आज तैंतीस माओवादियों ने आत्मसर्पण किया है। ये सभी माओवादी पुसनार, डुमरीपालनार गांव के निवासी है और गंगालूर एरिया कमेटी के अन्तर्गत दुगोली, करका तथा हिरोली में माओवादी संगठन के विभिन्न पदों में सक्रिय थे। इन माओवादियों ने आज जिले के पुलिस अधीक्षक और सीआरपीएफ के डीआईजी के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पण करने वाले तीन माओवादियों पर पांच—पांच लाख रूपए का इनाम घोषित था। इनमें से कई माओवादियों पर बड़ी नक्सल वारदातों में शामिल रहने का आरोप है। आत्मसमर्पित माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत् पच्चीस—पच्चीस हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है।

वहीं, सुकमा जिले में कोन्टा के किद्रेलपाड़ इलाके में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस ने इस मुठभेड़ में कई माओवादियों के घायल होने का दावा किया है।

उधर, बीजापुर जिले के मिरतुर थाना क्षेत्र के जप्पेमरका और कमकानार के जंगल में सुरक्षा बल के जवानों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ होने की खबर मिली है। गोलीबारी के बाद जवान घटनास्थल की तलाशी कर रहे हैं।

झीरम–श्रद्धांजलि

झीरम हमले की 11वीं बरसी पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में झीरम के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस झीरम के शहीदों की ऋणी है।

गौवंश अभ्यारण्य योजना

सड़कों पर खुले में घूमने वाले आवारा और ऐसे गौवंश जिनके मालिकों का पता नहीं है, उनकी सुरक्षा और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए राज्य सरकार प्रदेश में गौवंश अभ्यारण्य योजना लाएगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अधिकारियों को इस बारे में कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं।

राज्य में पशुधन विकास विभाग, पंचायत, राजस्व एवं वन विभाग के समन्वय से गौवंश अभ्यारण्य संचालित करने की योजना है। इस योजना के क्रियान्वयन से सड़कों पर भूखे–प्यासे भटकने वाले गौवंश को न केवल नियमित आहार मिल सकेगा, बल्कि उनकी उचित देखभाल और चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध होगी।

कांग्रेस–पत्रकारवार्ता

बीजापुर के पीडिया में सुरक्षा बलो और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ को लेकर कांग्रेस ने आज रायपुर में एक पत्रकारवार्ता का आयोजन किया। पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने इस घटना की जांच हाईकोर्ट के जज की निगरानी में कराने की मांग की है। कांग्रेस ने ग्रामीणों के हवाले से दावा किया कि मारे गए सभी लोग नक्सली नहीं थे। जबकि पुलिस का दावा था कि वे सभी नक्सली थे। ग्रामीणों के दावे के बाद प्रदेश कांग्रेस ने एक जांच दल का गठन किया था। जांच दल का संयोजक संतराम नेताम को बनाया गया। वहीं, विधायक इन्द्रशाह मंडावी, विक्रम मंडावी, जनकलाल ध्रुव, सावित्री मंडावी, रजनू नेताम, शंकर कुडियम और छविन्द्र कर्मा दल के सदस्य थे।

गौरतलब है कि दस मई को बीजापुर के पीडिया में हुए मुठभेड़ में बारह लोगो की मौत हो हुई थी और छह लोग घायल हुए थे।

मतगणना तैयारी–दौरा

लोकसभा चुनाव के तहत चार जून को होने वाली मतगणना की तैयारियों का जायजा लेने के लिए अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने आज कोण्डागांव के शहीद गुण्डाधुर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय स्थित मतगणना केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विधानसभावार मतगणना कक्षों, उम्मीदवारों और उनके गणना अभिकर्ताओं की बैठक व्यवस्था, प्रवेश पास, सीसीटीवी कैमरा समेत दूसरी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी और कलेक्टर कुणाल दुदावत समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

हेलमेट बैंक

बिलासपुर पुलिस ने सड़क दुर्घटनाओं में हो रही मौतों को देखते हुए चकरभाठा थाने में प्रदेश के पहले "हेलमेट बैंक" की शुरूआत की है। इस अभियान का शुभारंभ बिलासपुर पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अब कोई भी व्यक्ति यात्रा के दौरान इस बैंक में अपना परिचय पत्र दिखा कर हेलमेट प्राप्त कर सकता है और यह हेलमेट उसे चौबीस घंटे के अंदर पुनः वापस करना होगा, जिसके लिए उससे कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हेलमेट सुरक्षित यातायात की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण मानक उपकरण है इसके उपयोग से हमारी यात्रा सुरक्षित होगी और सड़क दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा। कार्यक्रम के दौरान बारह से अधिक लोगों ने "हेलमेट बैंक" से हेलमेट प्राप्त किया।

चकरभाठा थाने के साथ ही यह "हेलमेट बैंक" बिलासपुर के ही सकरी, कोनी और सरकंडा थानों में भी शुरू किए गए हैं।

यूपीएससी–मॉक टेस्ट

रायपुर जिला प्रशासन द्वारा यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा 2024 के लिए कल निःशुल्क मॉक टेस्ट का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए चार सौ पच्यासी प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया है। यह परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। युवाओं को वास्तविक परीक्षा के अनुभव के लिए ऑनलाइन की जगह ऑफलाइन मॉक टेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। मॉक टेस्ट का प्रश्न पत्र हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में होगा। जिला प्रशासन द्वारा मॉक टेस्ट के बाद प्रश्नों के विस्तृत उत्तर भी दिए जाएंगे। साथ ही प्रथम तीन स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार दिया जाएगा।

जैविक खेती–कार्यशाला

जैविक खेती की जागरूकता के लिए शाक वाटिका कार्यशाला का आयोजन कल रायपुर में किया जाएगा। इस कार्यशाला में घर की बाड़ी, छत पर विषमुक्त साग–सब्जियों को लगाने की जानकारी दी जाएगी। यह प्रशिक्षण निःशुल्क होगा, जिसके लिए पहले से पंजीयन कराना होगा। इस कार्यशाला में केंद्रीय प्रशिक्षण प्रमुख के.ई.एन. राघवन प्रशिक्षण देंगे।

मौसम

दक्षिण–पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई हैं। आज यह मानसून बंगाल की खाड़ी के अनेक भागों तक पहुंच चुका है।

छत्तीसगढ़ के बस्तर इलाके में कल कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना है।

राज्य के अन्य इलाकों में कल से गर्मी बढ़ेगी। मौसम विभाग के अनुसार सत्ताईस और अट्ठाईस मई को अधिकतम तापमान अपने चरम पर रहने की संभावना है, जिसके कारण मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ इलाकों में ग्रीष्मलहर यानी लू चल सकती है।

संक्षिप्त समाचार

– प्रदेश के स्वामी आत्मानंद स्कूलों के बारह हजार शिक्षकों के वेतन के लिए वित्त विभाग ने आज चार सौ पच्चीस करोड़ रुपए स्वीकृत कर दिया। इसके बाद स्कूल शिक्षा विभाग ने वेतन के संबंध में आदेश भी जारी कर दिया है।

– स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ ने सरगुजा जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने चिकित्सालय की सेवाओं और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी दी।

– कोरबा जिले के मानिकपुर चौकी क्षेत्र में लगे मेले में उत्तरप्रदेश के तीन लोगों की संदिग्ध परिस्थियों में मौत हो गई है। इसे लेकर फूड पाइजनिंग की आशंका जताई जा रही है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>